तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

13 टेट परीक्षा में लापरवाही, 400 परीक्षार्थियों के भविष्य पर लगा...

14 विधायक चंद्राकर के जन्मदिन पर हुए कई कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन समिति का सम्मिलन 27 को

**धमतरी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सम्मिलन 27 जून को सभाकक्ष में रखा गया है। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सम्मिलन सुबह 11 बजे से होगा, जिसमें खनिज, विद्युत, खाद्य विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसी तरह दोपहर 2 बजे से आयोजित सामान्य सभा के सम्मिलन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन, शिक्षा, खनिज, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### छाती में धीवर समाज भवन का लोकार्पण आज

**पुरी।** छग राज्य धीवर समाज परगना छाती के तत्वावधान में 25 जून को ग्राम छाती में नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह रखा गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी होंगी। अध्यक्षता छबिलाल धीवर अध्यक्ष परगना छाती, संजय चंद्राकर प्रदेशाध्यक्ष मतदाता जागृति मंच छग करेंगे। विशिष्ट अतिथि राकेश देवांगन सरपंच, हेमंत चंद्राकर भोथली मंडल अध्यक्ष भाजपा, प्रीतम साहू, संतोष बल्ला चन्द्राकर पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा, कीर्तन मीनपाल प्रदेश पदाधिकारी मीडिया प्रभारी, रामखिलावन चन्द्राकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री भाजपा, पीपी एम्मा, द्वारिका तारक, चुन्नीलाल धीवर अध्यक्ष मछुआ सहकारी समिति छाती, विजय धीवर, खिलेन्द्र चन्द्राकर, कान्तु साहू, संतराम कंवर बूथ अध्यक्ष भाजपा, चंद्रहास धीवर होंगे।

### श्रवण बाधितार्थ बालिका स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था की अधीक्षक ने बताया कि 6 साल से 14 साल तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का कक्षा पहली से आठवीं तक प्रवेश प्रारंभ है। विद्यालय में प्रवेश के लिए नगर निगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म-प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, 10 पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पासबुक और राशन कार्ड की छायाप्रति तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी विशिष्ट पहचान पत्र, जिला चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण-पत्र, ब्लड ग्रुप की छायाप्रति एवं पहचान का निशान आवेदन के साथ जमा करना होगा।

श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच का भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति पर व्याख्यानमाला

# भारत ने दिया विश्व को शिक्षा, आचार व्यवहार, व्यापार का ज्ञान : रामदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच की ओर से सोमवार को दोपहर 3:30 बजे भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति विषय पर व्याख्यानमाला का आयेजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने एक घंटे के उद्बोधन में परिवार व्यवस्था, कुटुम्ब व संयुक्त परिवार की व्याख्या कर इनके लाभ के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रभात गुप्ता थे। अध्यक्षता टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक ने की। विशिष्ट अतिथि मोहन पवार जिला संचालक श्याम अग्रवाल थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्री चक्रधर ने कहा कि संयुक्त परिवार के कारण भारत हमेशा से ही विश्व क्षितिज शोभायमान रहा है। भारत का गौरव उनका अतीत है जो विश्व में कहीं भी देखने को नहीं मिलता। भारत प्रकृति गौरव, भूलोक गौरव, ऋषि भूमि का गौरव आदिकाल से रहा है। संसार को सबसे पहले ज्ञान, शिक्षा, आचार व्यवहार, व्यापार का ज्ञान भारत ने ही दिया है। भारत का आधार संयुक्त परिवार रहा है। यहां की कुटुम्ब व्यवस्था बहुत पक्की थी। परिवार मूल्यों पर आधारित था। अब पाश्चात्य संस्कृति की वजह से परिवार बिखर गया। संयुक्त परिवार का विघटन हो गया। अब एकल परिवार या फादरलेस फैमिली का जन्म हो गया है। अब फिर से हमें कुटुम्बकीय परिवार बनाना है। इसके लिए हम सबको अभी से प्रयास करना होगा। संयुक्त परिवार में खर्च कम होता है। सभी को उनके हिस्से का भोजन, कपड़ा मिलता है। एकल परिवार की अपेक्षा संयुक्त परिवार के लोग ज्यादा सुखी रहते हैं। संयुक्त परिवार में ही रहन-सहन को






बारीकियों से सीखने को मिलता है। मूल्यों पर आधारित भारतीय परिवार व्यवस्था को नजदीक से देखने सैकड़ों विदेशी यात्री भारत आए। उत्तर से दक्षिण की यात्रा कर परिवार व्यवस्था को विदेशी मेहमानों ने नजदीक से देखा, परखा और किताबें लिखी। किताबों में लिखी कुटुम्ब व्यवस्था की विश्व में तारीफ हुई। आगे बताया कि संयुक्त परिवार की वजह से सभी भारतीय ईमानदार है। सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, शारीरिक दृष्टि से काफी मजबूत है। भारत का जीवन दर्शन त्यागमय है। जीवन मूल्य विकसित है। भारत में माता का स्थान सर्वोपरि है। भारत के सैकड़ों महापुरूषों को उनकी माता के नाम से जाना जाता है जिसका इतिहास, शास्त्र, धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है।

भारत के परिवारों में आम चरित्र ईमानदारी रहा है। आत्मबल, संस्कार सिर्फ परिवारों में मिलता है। माता, पिता, गुरूजनों, अतिथियों का सम्मान करना मूल्यों पर आधारित परिवार की ही देन है। वर्तमान में परिवारवाद खत्म हो गया है जिसे बचाना हमारा कर्तव्य है। मूल्य आधारित चीजें परिवार से मिलती हैं। संबोधन, जीने की कला, परिवार से मिलती है। परिवार जब सामने खड़ा हो जाता है तब राष्ट्र सुरक्षित होता है। परिवार व्यवस्था में मातृशक्ति का अहम रोल है। माता ही परिवार को शिक्षा देती है। मां को स्वयं अपना उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत करना होगा तभी बच्चे उनके रास्ते पर चलेंगे। इसे आज से ही अपने घरों में प्रारंभ करें। परिवारवाद, संयुक्त परिवार को मजबूत बनाने के लिए परिवार प्रबोधन, मूल्यों की स्थापना, पर्यावरण सचेत, स्वजागृति और नागरिक कर्तव्यों को अपनाना आवश्यक है।

इससे पूर्व मोहन राव ने श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच की स्थापना पर संक्षिप्त उद्बोधन देते हुए कहा कि पूज्य सुदर्शन का जन्म रायपुर में हुआ। उन्होंने अपने प्रचारक जीवन की यात्रा छग के रामगढ़ से की। उन्होंने अपनी देह भी रायपुर में त्यागी। उनकी स्मृति में 2014 में इस मंच का गठन किया गया। कार्यकम का संचालन चेतना रणसिंह एवं आभार प्रदर्शन श्याम अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छग प्रांत प्रचारक अभयराम, सह प्रांत कार्यवाह गोपाल यादव, कार्यक्रम संयोजक श्याम अग्रवाल, सहसंयोजक रामचंद्र देवांगन, सहसंयोजक निर्मल बरड़िया, प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन साहू, प्रांत सह महाविद्यालय प्रमुख राकेश साहू, जिला प्रचारक मनोज कश्यप, विभाग प्रचारक ठाकुर राम, विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, विभाग पर्यावरण प्रमुख लक्ष्मण मगर, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, सरोज देवांगन, विजय ठाकुर, सागर निर्मलकर, विरेन्द्र साहू, प्रताप राव कृदत्त, शिरोमणि घोरपड़े, राहुल जैन, नेमीचंद बेस, डाकेश्वर साहू, योगेन्द्र साहू, चित्रेश साहू, मानव यादव, आयुष साहू, गौरव मगर, बीथिका विश्वास, चेतन हिन्दूजा, अवनेन्द्र साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, डीपेन्द्र साहू, प्रकाश बैस, चंदू जसवानी, श्यामा साहू, पोषण साहू, रामलखन गजेन्द्र, जितेन्द्र यदु, नोहर साहू, रौनित सहारे, नीलेश राजा, उमेश सिंह बशिष्ट, रमेश साहू, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, सुबोध राठी, कामिनी कौशिक, रामजी साहू, सुनील साहू, दीनबंधु सिन्हा, दिनेश पटवा, नितेश कुंभकार, राजकुमार पटेल, राजू सोनकर, विनोद राव रणसिंह, चंद्रकला पटेल मौजूद थे।

# भारी बारिश में हुई थी पुलिस-नक्सलियों में मुठभेड़, 250 राउंड चली गोलियां

- मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पर था पांच लाख का इनाम
- सर्चिंग टीम को एसपी आंजनेय वार्ष्णेय कर रहे थे लीड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




नक्सल विरोधी अभियान के तहत मुंहकोट-आमझर के घने जंगल में एसपी फोर्स लेकर सर्चिंग पर निकले थे। इसी बीच पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान भारी बारिश होने के बावजूद पुलिस पार्टी ने एक नक्सली को मार गिराया। मारे गए नक्सली पर पांच लाख का इनाम था।

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश सिंह रायपुर रेंज के दिशा-निर्देश पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के नेतृत्व में जिले में विगत कुछ माह से व्यापक स्तर पर नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में पुलिस को लगातार सफलता भी मिल रही है। तीन माह में सरहदी क्षेत्र में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की यह तीसरी बड़ी घटना है।

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की तीसरी घटना खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम मुंहकोट-आमाझर के घने जंगल में रविवार को हुई। डीआरजी की टीम रविवार की दोपहर बाद जंगल में सर्चिंग के लिए निकली थी। वहीं जंगल में पहले से ही एंबुश लगाकर बैठे 40 से 45 नक्सलियों ने पुलिस पार्टी को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से आटोमेटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी। इस दौरान जंगल में भारी बारिश हो रही थी। पुलिस पार्टी ने पेड़ व पत्थरों की आड़ लेकर नक्सलियों को फायरिंग बंद करने व आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन नक्सलियों की ओर से लगातार फायरिंग होती रही। आखिरकार पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग शुरु कर दी। यह मुठभेड़ लगभग घंटे भर चली। इस दौरान रूक रूककर फायरिंग होती रही। मुठभेड़ में पुलिस फोर्स को लीड एसपी आंजनेय वार्ष्णेय कर रहे थे।

### एक नक्सली का मिला शव, दो से अधिक के घायल होने की संभावना



जनसंवाद कक्ष में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि फायरिंग रूकने के बाद पुलिस पार्टी ने जंगल में सर्चिंग की। इस दौरान एक नक्सली का शव मिला। शव के पास एक रायफल मैग्जीन सहित सात नग जिंदा कारतूस, नक्सली साहित्य सहित अन्य सामान बरामद किया गया। बरामद नक्सली साहित्य व सामग्री से भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। मृत नक्सली की प्रारंभिक पहचान अरूण मंडावी रावस समन्वय कमेटी के कमांडर व सीतानदी एरिया कमेटी की सदस्य के रूप में हुई है। मृत नक्सली पर शासन द्वारा 5 लाख रूपए का इनाम घोषित किया गया था। उसके कोयलीबेड़ा कांकेर के होने की जानकारी मिली है।

### वर्ष 2021 से सक्रिय था मृत नक्सली


फरवरी 2021 में माड़ क्षेत्र से द्वादरगढ़, जिसानार तिरयार पानी जिला कांकेर होते हुए 30 माओवादियों का दल सीतानदी क्षेत्र में आया था। इस दल में कमांडर अरूण मंडावी व उसकी पत्नी आरती मंडावी शामिल थे। एकावरी के जंगल में सत्यम गावड़े द्वारा उक्त माओवादियों के कार्यक्षेत्र का विभाजन किया गया। इसके बाद माओवादी दंपति सोनाबेड़ा क्षेत्र के एसडी के एरिया कमेटी में चले गए। नवंबर-दिसंबर वर्ष 2022 में उड़ीसा-सोनाबेड़ा क्षेत्र से धमतरी जिला आकर अरूण मंडावी व आरती मंडावी सीतानदी रावस समन्वय एरिया कमेटी के सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। दिसंबर 2023 में अरूण को रावस समन्वय कमेटी का कमांडर बनाया गया था।

### कई घटनाओं में रहा शामिल

मृत नक्सली अरूण मंडावी उड़ीसा के भालूडीह के जंगल में वर्ष 2022 में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। इसी तरह उड़ीसा के सोनाबेड़ा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मौजूद था। 2 अप्रैल 2024 को एकावारी के जंगल में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अपनी पत्नी के साथ शामिल रहा है। बोराई थाना में नक्सली दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज है।

### भैंसासांकरा में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**सांकरा।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम भैंसासांकरा में आज एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता रखी गई है। प्रवेश शुल्क 250 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपए रखा गया है। बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑल राउंडर को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।




कलेक्टर-एसपी ने दुर्घटना रोकने किए जा रहे प्रयास की जानकारी ली

# दुर्घटनाओं से बचने जनजागरुकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली और जिले में दुर्घटनाओं से होने वाले जान, माल की हानि को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

बैठक में सुश्री गांधी ने कहा कि अक्सर यह देखने में आया है कि सड़क दुर्घटना का एक मात्र कारण वाहन चलाते समय लापरवाही होती है। दुर्घटना से बचाव हेतु जनजागरूकता एक कारगर कदम साबित हो सकता है। बैठक में

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए कई सुझाव



सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, आयुक्त नगर निगम विनय पोयाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। शहर के अर्जुनी मोड़ से ग्राम श्यामतराई तक नवनिर्मित मार्ग में केवल रोड मार्किंग की गई है तथा चौक-चौराहों में स्टाप लाईन, जेब्रा क्रॉसिंग, सेंट्रल मार्किंग नहीं हुई है। लोक निर्माण विभाग को मार्किंग कराने के निर्देश दिये। चौक-चौराहों में शहर के मध्य में बने डिवाईडर के गैप के प्रारंभ में ब्लींकर लाइट, हैजार्ड मार्कर बोर्ड लगाने, अर्जुनी मोड़ से श्यामतराई तक मार्ग की मरम्मत होने से डिवाईडर की ऊंचाई कम होने पर मवेशी एवं आमजन पार कर जाते हैं, इसके मद्देनजर डिवाईडर की ऊंचाई बढ़ाने या रेलिंग लगाने के सुझाव दिए गए। ब्लैक स्पॉट अमलतासपुरम कालोनी से सुमित बाजार अमर पेट्रोल पम्प तक दोनों ओर रंबल स्ट्रीप, स्ट्रीट लाइट, रोड डिवाईडर बनाने, वाहनों के गति नियंत्रण के लिए गंगरेल मार्ग के मरादेव मोड़ के दोनों ओर 50-50 मीटर के पहले रंबल स्ट्रीप लगाने तथा अंबेडकर चौक पर यातायात व्यवस्था के लिए तैनात कर्मचारी के लिए लघु विश्राम हेतु ट्रैफिक बूथ का निर्माण करने भी कहा गया। ग्राम लोहरसी बाईपास एवं मुजगहन के पास और राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बने संबलपुर से श्यामतराई बाईपास से मिलने वाले पूर्व से बने मार्ग के प्रारंभ में दोनों ओर सूचनात्मक बोर्ड लगाने, शहर के प्रमुख मार्गों में हल्के एवं भारी वाहनों के लिए गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गुड सेमेरिटन को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटना में कमी लाने नुक्कड़ नाटक के जरिये व्यापक प्रचार - प्रसार करने के निर्देश दिये गये।

# जन्मदिन मनाकर दोस्तों को छोड़ने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

### बठेना चौक पर बुलेट को बस ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



घर में जन्मदिन मनाकर दोस्तों को छोड़ने जा रहे बुलेट सवार युवक को तेज रफ्तार बस ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी करण मंडावी पिता मानसिंग उम्र 25 वर्ष का रविवार को जन्मदिन था। रात्रि में युवक ने अपने घर में परिवार व दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाया। इसके बाद युवक रात्रि 12 बजे से पहले अपनी बुलेट क्रमांक सीजी 05 एके 9115 में अपने दोस्तों को छोड़ने के लिए गया था। इसी दौरान नेशनल हाईवे में बठेना चौक के पास राजधानी ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 10 बीटी 2151 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को उसके दोस्त शिवा व देवेंद्र उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए। घायल का उपचार शुरु कर दिया गया। दीपक सोनी व अजय यादव ने युवक के भाई गोविंद मंडावी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही गोविंद तत्काल अस्पताल पहुंचा जहां घायल करण का उपचार जारी था। रविवार की सुबह लगभग 4 बजे इलाज के दौरान घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया है।

10 हजार से अधिक भक्त रथयात्रा महोत्सव में शामिल होंगे, बंटेगा गजामूंग का प्रसाद


# महाप्रभु की रथयात्रा 7 जुलाई को निकलेगी, तैयारी में जुटे ट्रस्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ मंदिर स्थित श्री महाप्रभु जगन्नाथ भगवान, भाई बलराम और बहन सुभद्रा की रथयात्रा पारंपरिक तरीके से 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। इसकी तैयारी में जोर-शोर से ट्रस्टी एवं भक्त जुटे हैं।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण महाराज, अजय अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, अनिल मित्तल, विनोद अग्रवाल ने बताया कि आस्था और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा इस वर्ष भी निकाली जाएगी। वृहद स्तर पर इसकी तैयारी की जा रही है। सभी के सहयोग से रथयात्रा को भव्य रूप देने का प्रयास चल रहा है। पूर्व की भांति रथयात्रा 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे से मठमंदिर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकाली जाएगी जो सदरबाजार, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग, विंध्यवासिनी मंदिर परिसर होते हुए ननिहाल गौशाला जाएगी। रथयात्रा धमतरी में पिछले 105 वर्षों से निकाली जा रही है जो जिले के लिए गौरव का विषय है। रथयात्रा में 10 हजार से अधिक भक्त भगवान के दर्शन करने पहुंचते हैं। भक्तों को गजामूंग का प्रसाद वितरित किया जाता है।





### 2 जुलाई से भक्तों को होगा औषधि काढ़ा का वितरण

रथयात्रा के पूर्व मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्री महाप्रभु को 29 जून शनिवार को प्रातः 10:30 बजे स्नान कराया जाएगा। इसके बाद 2 से 5 जुलाई तक प्रतिदिन 7:30 बजे औषधि काढ़ा का वितरण भक्तों में किया जाएगा। 6 जुलाई शनिवार को प्रातः 9:30 बजे से श्री महाप्रभुजी की प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूजन होगा। रथयात्रा 7 जुलाई की दोपहर 12 बजे निकलेगी। 20 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे रथयात्रा की वापसी जनकपुरी राष्ट्रीय गौशाला से सदर बाजार, सिहावा चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी।

### रथयात्रा निकालने का सिलसिला 105 साल से जारी

ट्रस्ट अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने बताया कि अविभाजित मप्र का यह पहला जगन्नाथ मंदिर है जहां से पहली बार महाप्रभु की रथयात्रा निकाली गई। तब से लेकर अब तक रथयात्रा निकालने का सिलसिला चल रहा है। रथयात्रा को इस वर्ष 105 साल हो जाएगा। गंजामूंग का भोग लगाए बिना भगवान की पूजा अधूरी समझी जाती है इसलिए इस वर्ष भी भक्तों को गजामूंग का प्रसादी दिया जाएगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### करगा में कबीर जयंती समारोह मनाया गया, संविधान की प्रस्तावना का किया पठन

# भारत का संविधान ही हमारे पुरखों का वसीयतनामा : शंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



सद्गुरु कबीर साहेब का प्रभाव पूरे भारतवर्ष में था। उनके मानवतावादी विचार ने लोगों को प्रभावित किया। उन्होंने अंधविश्वास, मूर्ति पूजा, रूढ़िवाद और धर्म आडंबर के विरुद्ध वैचारिक क्रांति कर दी थी। उनके विचारों को, वाणी को आज संविधान में ढूंढने की आवश्यकता है। उपरोक्त बातें भारतीय मूल निवासी समाज के तत्वावधान में ग्राम करगा में आयोजित सदगुरु कबीर जयंती समारोह के अवसर पर मुख्य प्रवक्ता एवं संयोजक पंडित शंकर दादा ने कही। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान ही हमारे पुरखों का वसीयतनामा है, जिसमें मूल निवासी समाज का अधिकार संरक्षित है।

जयंती समारोह में सर्वप्रथम कबीरदास के चित्र पर माल्यार्पण कर चौका आरती गाई गई। डॉक्टर देवचरण साहू और ग्राम करगा ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता बसंत ध्रुव कुरूद और भुनेश्वर साहू अंवरी को संविधान की प्रस्तावना भेंटकर सम्मानित किए गया। श्री साहू की अनुपस्थिति पर उनके पुत्र थानेश्वर साहू ने यह सम्मान प्राप्त किया। लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पठन कर संविधान के संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन का संकल्प लिया। समारोह के अतिथि और वक्ता टिकेंद्र बघेल ने कहा कि आज हमें देश, समाज और धरती के दुश्मनों को पहचानने की जरूरत है। किसने मूल निवासी समाज को हजारों टुकड़ों में बांटा है। हमारी दुर्दशा का कारण क्या है। कबीरदास जी के विचारों को किस तरह रोका गया। आज इस पर हमें विचार करने की जरूरत है। समारोह को दिनेश्वर बंजारे, भूपेंद्र साहू, गजेंद्र टंडन, पार्वती साहू, ममता टंडन, उत्तम ढीढ़ी ने भी संबोधित किया। समारोह को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता रूपेंद्र बघेल और डॉ रमेश भतपहरी का योगदान सराहनीय रहा।

इस अवसर पर सेवक साहू, मालती साहू, मूलचंद साहू, कांति साहू, निर्मला साहू, फगनी साहू, विष्णु साहू, शेखर साहू, हीमंत साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे। समारोह का संचालन एवं आभार प्रकट भारतीय मूल निवासी समाज के संयोजक सदस्य डॉक्टर देवचरण साहू ने किया।

# वार्ड क्रमांक तीन में पानी की धार हुई पतली

- वार्डवासियों ने पर्याप्त एवं निर्धारित समय तक पेयजल की आपूर्ति की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक तीन के वार्डवासियों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि लगभग आठ माह पहले भूमिगत नई पाइपलाइन से घरों का कनेक्शन जोड़ा गया एवं कहा गया कि अब ज्यादा फोर्स से पानी की सप्लाई होगी परन्तु उल्टे पानी का फोर्स कम हो गया है। प्रभारियों से सम्पर्क करने पर उन्होंने कुछ दिनों में पानी का फोर्स बढ़ जाने की बात कही थी परन्तु इसमें कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। इससे पूर्व पुरानी पाइप लाइन कनेक्शन से ज्यादा फोर्स से एवं पर्याप्त समय तक पेयजल की सप्लाई होती थी। यहां तक घरों की प्रथम मंजिल तक पानी चढ़ जाया करता था परन्तु अब नई पाइपलाइन कनेक्शन से तीन फ़ीट की टंकी पर पानी नहीं चढ़ पाता।

वार्डवासियों ने आगे बताया कि पहले पेयजल का समय प्रातः 6 बजे से 7.30 तक था। अब 6.20 से 7.20 तक ही पानी की सप्लाई हो रही है। रविवार की प्रातः 6.30 बजे पानी चालू हुआ एवं 6.50 बजे बंद हो गया। फोन से सम्पर्क करने पर आपरेटरों ने इसका कारण जानने की बात कही। अब आम जनता को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पेयजल का पैसा पूरा वसूला जाता है लेकिन पानी के फोर्स एवं समय में कोताही की जा रही है। आवेदन देने पर भी पानी सप्लाई के फोर्स में सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने पर्याप्त एवं निर्धारित समय तक पूरे फोर्स के साथ पेयजल की आपूर्ति की मांग की है।

# ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय संस्थान की प्रथम प्रशासिका का स्मृति दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा में ब्रम्हाकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस दिवस को संस्था आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मानती है। मातेश्वरी का जीवन ईश्वरीय गुण और शक्तियों का आदर्श उदाहरण था। उनके चाल चलन और कर्म से दिव्य गुण और शक्तियां स्पष्ट रूप से झलकती थीं। उनके व्यक्तित्व में दिव्य चुंबकीय आकर्षण था। उनका आभामंडल इतना तेज था कि उनके व्यक्तित्व से देवियों की अनुभूति होती थी। उन्होंने ज्ञान गुण और शक्ति से यज्ञ की पालना कर संस्था को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मातेश्वरी 24 जून 1965 को अपना नश्वर शरीर का त्याग कर महाप्रयाण हो गई। इस अवसर पर जितेन्द्र भारतीय संस्कृति स्कूल भखारा समेत संस्था के सदस्यों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आस्था मंदिर के विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**कोर्रा(भखारा)**। धमतरी में मिशन अव्वल के तहत मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह हुआ। इस कार्यक्रम में आस्था विद्या मंदिर तरसीवा रांवा के कक्षा 10वीं के छात्र टेमेंद्र धनकर, 12वीं एग्रीकल्चर से सुषमा साहू को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि परविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ ने दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्नति के शिखर पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# योग से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

- अरौद में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



ग्राम अरौद के शाला प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिक्षक नामदेव साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला अरौद ने बताया कि नियमित योग करने से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है। प्राणायाम एवं योग के माध्यम से हम अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का प्रयास करते हैं। प्राणायाम, पादहस्तासन, वज्रासन, शशांक आसन, वृक्षासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार आदि आसन का लाभ बताते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वज्रासन ही एक ऐसा आसन है जिसे हम भोजन करने के पश्चात कर सकते हैं। हम स्वच्छता को अपनाकर भी स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पलता यादव प्राथमिक शाला प्रधानपाठिका, नामदेव साहू माध्यमिक शाला प्रधानपाठक, लोकेश्वरी दीवान, प्रमोद ध्रुव, अनेश्वर कुमार साहू, चंद्रशेखर साहू, सावित्री साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं समेत गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र-छग-उड़ीसा को जोड़ने वाली सड़क का नाम स्व. अटलजी के नाम पर रखा जाए : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भेंटकर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। श्री गोलछा ने मेघा-मोहंदी-सिंगपुर-दुगली स्वीकृत मार्ग जो फारेस्ट क्लीयरेंस के चलते अधूरा पड़ा है, उसे जल्द पूर्ण कराने की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में विभिन्न प्रदेश को जोड़ने के लिए कॉरिडोर सड़क योजना लागू की गई थी। जिसके तहत महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा प्रदेश को जोड़ने के लिए मानपुर-मोहला-भानुप्रतापपुर कांकेर-नगरी होते हुए देवभोग उड़ीसा के लिए सड़क निर्माण किया गया था। वर्तमान में यह सड़क जर्जर स्थिति में है। नेशनल हाईवे सड़क निर्माण के तहत इस सड़क की रिपेयरिंग कराकर इसका नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम में किया जाये। केरेगांव-गट्टासिल्ली-बिरगुड़ी मार्ग का निर्माण दो वर्ष पूर्व किया गया था। यह मार्ग भारी वाहनों के कारण जर्जर हो चुका है, इसका पुनर्निर्माण किया जाए। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जल्द ही उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# प्रदेश में डबल इंजन की सरकार, हर क्षेत्र का तेजी से होगा विकास : तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

- केन्द्रीय राज्य मंत्री का पुरूर में हुआ आत्मीय स्वागत



केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू का ग्राम पुरूर में मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन हुआ। उन्होंने पूर्व विधायक प्रीतम साहू के निवास पर कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र के विकास के संबध में चर्चा की। उनके साथ गुण्डरदेही के पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू भी साथ थे। सभी नेताओं का प्रीतम साहू ने अपने परिजनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री साहू ने अपनी जीत एवं मंत्री बनाये जाने पर केन्द्रीय नेतृत्व पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल होना उनके लिए एवं छत्तीसगढ़ की जनता के लिए गर्व की बात है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। हर क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास होगा। इस अवसर पर रोशन साहू, वेदप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला चिकित्सालय धमतरी में रेडियोलॉजिस्ट विभाग में अनुबंध आधार पर अपनी सेवाएं देने के लिए वांछित योग्यताधारी चिकित्सकों का चयन किया जाना है।

जिला चिकित्सालय धमतरी के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि इसके लिए 28 जून को दोपहर 3 बजे से वॉक इन इंटरव्यू जिला चिकित्सालय के कक्ष क्रमांक-12 में रखा गया है। इसमें सोनोलॉजी, रेडियोलॉजी, डिग्री, डिप्लोमा योग्यताधारी इच्छुक चिकित्सक अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी सभी प्रमाण-पत्र के साथ नियत तिथि को उपस्थित हो सकते हैं।

### पुराना बाजार चौक में उनकी आदमकद प्रतिमा में किया माल्यार्पण

# भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए भाजपाइयों ने पुराना बाजार चौक कुरूद स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। देशहित में अनेक कार्य किए, जिसे भुलाना संभव नहीं है। हम सभी को उनके जीवन तथा उनके कार्यों से प्रेरणा लेते हुए हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देशहित होता है। भाजपा मंडल महामंत्री टिकेश साहू ने कहा कि एक राष्ट्र में एक निशान एक प्रधान एक विधान की सोच रखने वाले मुखर्जी के बलिदान के बाद कश्मीर से धारा 370 हटाकर भाजपा सरकार ने उनका सपना पूरा किया है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुलेश्वर चंद्राकर, कृष्णकांत साहू, कमलेश रेड्डी, प्रभात बैस, सूरज देवांगन, खिलेन्द्र चन्द्राकर, चन्द्रशेखर, कमलेश, सुनील चंद्राकर, संजय, भारत, सोहन अमले, किशोर यादव आदि मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### बगौद में पं. मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**कुरुद**। ग्राम बगौद में बूथ स्तरीय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर शक्ति केन्द्र प्रभारी मालकराम साहू, बूथ अध्यक्ष भारतेंदु साहू, भोजराज साहू, शेषनारायण साहू, घनश्याम चंद्राकर, कमलेश साहू, देवानंद पाठक, यतेश निषाद, गैंदलाल निर्मलकर, नरेंद्र साहू की उपस्थिति में बलिदान दिवस मनाया गया व उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

### मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मां के नाम से पौधे रोपे



**नगरी**। भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्णेश्वर मेला परिसर में पार्टी द्वारा पंडित मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम रखा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, मंडल प्रभारी रवि दुबे, कमल डागा, जनपद पंचायत सभापति मन्नू यादव सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### नवागांव में कबीर जयंती मनाई गई



**जीजामगांव**। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम नवागांव (क) के कबीर आश्रम में संत कबीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संतों ने संत कबीरजी के जीवन चरित्र को विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बच्चों ने उत्साह से किया योग



**सिर्री**। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला गोजी में योग और प्राणायाम कराया गया। द आर्ट ऑफ लिविंग की इंदु साहू ने योग सिखाया। बच्चों ने भी उत्साह से योग किया। मौके पर माध्यमिक व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक टुमन लाल निषाद, शिवकुमार साहू, शिक्षक मनोज नेताम, कुलेश्वर साहू, डोमन साहू, निर्मला नागरची, जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदु साहू, पुष्पेंद्र साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, टकेश्वर चंद्राकर, केवल चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामती साहू शामिल रहे।

### शरीर को मजबूत बनाने योग जरूरी



**कोर्रा(भखारा)**। प्राचार्य एनके देवांगन के निर्देशानुसार आस्था विद्या मंदिर में योग दिवस मनाया गया। योगासन का प्रारंभ माता सरस्वती की वंदना प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात सूक्ष्म यौगिक व्यायाम प्राणायाम, कपालभारती, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार एवं शांति पाठ किया गया। प्राचार्य श्री देवांगन ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ है। हमें अपने शरीर को मजबूत एवं ताकतवर बनाये रखने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### घटुला में रानी दुर्गावती जयंती मनाई गई



**नगरी।** रानी दुर्गावती जयंती पर ग्राम घटुला के मेन चौक पर स्थित उनके छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर नगर का भ्रमण किया। बस्तरिया नृत्य का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### खम्हरिया में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन



**सांकरा।** ग्राम पंचायत खम्हरिया के वार्ड क्रमांक एक में सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। जनपद सदस्य ईश्वर पटेल ने जनपद विधि से यह कार्य स्वीकृत कराया है। सीसी रोड बन जाने से लोगों को कीचड़ से राहत मिलेगी तथा आवगमन में सुगमता होगी। वार्डवासियों द्वारा कई वर्षों से रोड की मांग की जा रही थी। उपसरपंच पुनेंद्र कुमार साहू और जनपद सदस्य ईश्वर पटेल के संयुक्त प्रयास से यह कार्य स्वीकृत हुआ है। इससे लोगों में हर्ष है।

### पदोन्नति में आरक्षण की मांग

■ अजजा सेवक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नगरी।** अजजा सेवक संघ ने पदोन्नति में आरक्षण, स्थानीय भर्ती के संबंध में विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा। वहीं सांसद के नाम से पूर्व विधायक श्रवण मरकाम को आवेदन दिया। मुख्यमंत्री के नाम से अनुशंसा पत्र भेजने का निवेदन किया। इस अवसर स्कंध ध्रुव जिला उपाध्यक्ष, सुरेश ध्रुव तहसील अध्यक्ष, माखन ध्रुव संगठन सचिव, राम कुमार ध्रुव, श्री कुंजाम, प्रीतम मंडावी जोन प्रभारी, ऋचा ध्रुव उपस्थित थे।

### केंद्रीय विद्यालय ने ओलंपिक डे मनाया



**धमतरी।** केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे और अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल डे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय संगठन के प्राचार्य गिरीश बाबू कुश्तवार व खेल शिक्षक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थे। इस दौरान हैंडबॉल कोच अजय कुमार नेताम, खो-खो कोच हेमसिंह पटेल एवं सभी खिलाड़ियों का एक शो मैच का आयोजन किया गया।

### गरीब बच्चों के लिए लगेगी निःशुल्क कोचिंग क्लास



**धमतरी।** इटरनल ग्रेस ट्रस्ट और टेंडर केयर वेल्फेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम लिमतरा और ग्राम बिरेतरा में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए कोचिंग क्लास की निःशुल्क व्यवस्था सामाजिक कार्यकर्ता कुलेश्वर साहू की देखरेख में की गई है। इस कार्य में शिक्षक जमुना नरेटी और मोनिका निषाद अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं। श्री साहू ने बताया कि जिन बच्चों के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उनके लिए कोचिंग क्लास शुरू की गई है। इस क्लास को शुरू करने का उद्देश्य अंग्रेजी बोलने की क्षमता और उनमें छिपी प्रतिभा को बढ़ावा देना है। पिछले सत्र में यहां कुल 15 बच्चे थे किन्तु इस सत्र में निःशुल्क कोचिंग क्लास के लिए 30 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है।

### सर्व आदिवासी समाज ने मनाया रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस



**नगरी।** तहसील के सर्व आदिवासी समाज द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, सर्व आदिवासी समाज के तहसील अध्यक्ष उमेशदेव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विशेष अतिथि छेदप्रकाश कौशिल, आरएल देव, हृदय नाग, मनोज साक्षी, स्कंद ध्रुव, सुरेश ध्रुव, प्रकाश पुजारी, जितेंद्र ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, संत नेताम, नीलू छैदैहा, नरसिंग मरकाम, राम कुमार ध्रुव, गितेश ध्रुव थे। नगर स्थित सामाजिक भवन में समाजजनों ने विधायक अम्बिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव को कुछ विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### निधन : जितेश मीनपाल



**धमतरी।** धीवर समाज के संरक्षक परमेश्वर फुटान के छोटे भाई नयापारा वार्ड निवासी त्रिलोक मीनपाल के पुत्र जितेश मीनपाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 11 बजे गृह निवास नयापारा से शांतिघाट के लिए निकलेगी। धीवर समाज ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## कलेक्टर जनदर्शन में अनेक संवेदनशील मुद्दों पर हुई शिकायत

# टेट परीक्षा में लापरवाही, 400 परीक्षार्थियों के भविष्य पर लगा प्रश्नचिन्ह



● परीक्षार्थियों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया।



● वनग्रामों में वनवासियों का जीना दूभर



● प्रोत्साहन राशि 6 माह से नहीं मिली



● सिनेट सिटी में रहना हुआ मुश्किल



● टेंगना में शिक्षक का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अनेक संवेदनशील मुद्दों पर शिकायत और मांग हुई है। शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रश्नपत्र तथा उत्तरपुस्तिका के विलंब को लेकर परीक्षार्थियों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। रत्नाबांधा रोड स्थित सिनेट सिटी में अव्यवस्था के खिलाफ कालोनीवासियों ने शिकायत की है। वनग्रामों को ग्राम पंचायत में जोड़कर मूलभूत सुविधा दिलाने की मांग वनवासियों ने की है। मगरलोड की मितानिनों ने प्रशिक्षण राशि दिलाने सहित अन्य समस्याओं का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।

छग शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 में विलंब से प्रश्नपत्र तथा उत्तरपुस्तिका देने को लेकर परीक्षार्थियों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल डामेश सिन्हा, धर्मराज कंवर, नंदनी सिन्हा, नेहा शर्मा, शशिकांत साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, यादराम, दुर्गेश, तेजेंद्र साहू, चंपेश्वरी साहू ने बताया कि 23 जून को व्यापमं द्वारा छग शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा में अनुक्रमांक 15202001 से 15202400 तक कुल 400 परीक्षार्थियों शामिल हुए। परीक्षा का समय द्वितीय पाली में 2 बजे से 4.45 तक निर्धारित था। तय समय से आधा घंटा बाद 2.30 बजे उन्हें प्रश्न पत्र दिया गया तथा 3.30 बजे उत्तर पुस्तिका दी गई। 1.30 घंटे विलंब से उत्तरपुस्तिका मिलने के बावजूद 4.45 बजे उनकी उत्तरपुस्तिका छीनकर जमाकर ली गई। परीक्षार्थियों ने अतिरिक्त समय की मांग की, लेकिन केंद्राध्यक्ष ने समय नहीं दिया। परीक्षार्थियों ने कलेक्टर से उक्त परीक्षा केंद्र में शामिल परीक्षार्थियों को अतिरिक्त बोनस अंक प्रदान करने की मांग की है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यापमं से उचित कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

रत्नाबांधा रोड स्थित पॉश कालोनी सिनेट सिटी के निवासियों ने कालोनाइजर के खिलाफ मोर्चा खोला है। यहां के निवासी चंद्रेश श्रीवास्तव, पीसी गौतम, एलएल ध्रुव, पीके मेश्राम, मोहनलाल राठी, जिकेश आर्य, संजीव शर्मा, मुकेश दिल्लीवार, प्रमोद, रूपधर मगेंद्र ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सिनेट सिटी कालोनी को 2015 में विकसित किया गया है। यहां 40 परिवार निवासरत हैं। कालोनी में जकोजीबाथ, स्वीमिंग पुल, कालोनी गार्ड, स्टीमबाथ, क्लब हाउस एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए कालोनाईजर ने प्रति वर्गफीट 150 रूपये के हिसाब से एकमुश्त आजीवन संधारण राशि वसूल की है। करीब 1 करोड़ की संधारण राशि लेते समय कालोनाईजर ने यह वचन दिया था कि समस्त राशि एफडी के रूप में कालोनी समिति को वापस की जाएगी। कालोनी की तमाम समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी कालोनाईजर द्वारा समस्याओं के निराकरण में कोताही बरती जा रही है। कालोनीवासियों ने बताया कि कालोनी का निर्माण आसपास की बसाहट से निचले भाग में होने से जलनिकासी की बड़ी समस्या है। बारिश का पानी घरों में घुस जाता है। कालोनी से संबंधित कार्यों के लिए मजदूर की व्यवस्था नहीं है। अप्रशिक्षित एवं गैरजिम्मेदार सुरक्षागार्ड के कारण कई अप्रिय घटना घट चुकी है। कालोनीवासियों को सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए गार्डन की सुविधा है लेकिन बाहरी व्यक्ति एवं संस्थाओं का कार्यक्रम कराया जाता है जिस पर पाबंदी लगाई जाए। पानी निकासी एवं सफाई व्यवस्था नहीं होने से जलजनित रोग की आशंका बनी रहती है। कालोनी की सभी गलियों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। अंडरग्राउंड बिजली केबल में बारिश के दिनों में शार्ट सर्किट होता है। इससे करेंट आने की आशंका बनी रहती है। पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। कालोनी में किराये पर रहने वालों की जानकारी नहीं होने से सुरक्षा पर सेंध लग रही है। सिनेट सिटी के निवासियों ने कलेक्टर से समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है।

वन ग्राम उमरादेहान, उपखरखा, कुसुमभर्री, बोइरनाला, ठेकवाभर्री, देवभर्री के निवासी शिवप्रसाद नेताम, रामलाल नेताम, सहदेव मरकाम, फिटकूराम, रोहित, दशरूराम, रामभरोसा सिन्हाने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री से गरीब आदिवासियों को वन अधिकार मान्यता पत्र दिलाने, बिजली कनेक्शन, गांवों में 5-5 हैंडपंप की व्यवस्था तथा उनके गांवों को पंचायत से जोड़ने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगो को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर कार्यालय को उचित कार्रवाई कर जानकारी देने को कहा है लेकिन उनकी मांगों को लेकर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने उक्त पांचों गांवों में समस्या निवारण के लिए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

नगरी ब्लाक के ग्राम टेंगनावासी शिक्षक के अभाव सहित कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। टेंगना से बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि टेंगना स्कूल में शिक्षक नहीं होने से यहां के बच्चों को भविष्य अंधकार में है। गांव की बड़ी समस्या मुख्य गली में बारहों माह पानी भरा रहता है। इससे लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गांव में सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम में शेड निर्माण तथा नल जल कनेक्शन नहीं होने से यहां के लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। टेंगना की उर्मिला कश्यप, टिकेश्वरी ध्रुव, शांतिबाई, चंद्रिका, नेमा, मानकी, शारदा, लीला, नर्मदा सहित अनेक महिलाओं ने कलेक्टर से समस्या निवारण की मांग की है।

मगरलोड ब्लाक की मितानिनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनके ब्लाक में 300 मितानिन हैं। उनके द्वारा टीबी, कुपोषण, मलेरिया, निमोनिया, गर्भवती जांच, संस्थागत प्रसव, नवजात से लेकर 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण सहित अन्य कार्य किया जा रहा है जिसकी केंद्राश राशि नवंबर 2023 से अप्रैल 2024 तक की नहीं मिली है। इससे ब्लाक की मितानिन आर्थिक समस्याओं से जूझ रही हैं। उन्होंने 6 माह की प्रोत्साहन राशि एकमुश्त दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में दशोदा, सविता, गीता सोनकर, देवमनी, नेमिन, मोहिनी, अमिता, नीरा, कुमारी साहू, चंद्रकला, डामिन, कोसम साहू, निर्मला, कांति, ममता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मितानिन मौजूद थीं।

### आमदी में बारिश से पहले नालियों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पंचायत आमदी द्वारा वर्षा ऋतु पूर्व सभी नालियों की व्यापक साफ-सफाई की जा रही है। सफाई कार्य सीएमओ और इंजीनियर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नालियों की सफाई होने से जलभराव की समस्या नहीं आयेगी।

## आदिवासी गोंड समाज ने मनाई रानी दुर्गावती जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

गोंडवाना भवन कोदोरास सिलौटी में आदिवासी गोंड समाज परिक्षेत्र सौराबांधा द्वारा रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर महिला प्रभाग अध्यक्ष प्रीति कतलम, उपाध्यक्ष चंद्रिका मांडवी, कोषाध्यक्ष खोमिन उइके, सचिव डिलेश्वरी तुमरेकी, संरक्षक अंजनी नेताम, अहिल्या नेताम, ताराबाई पदाम के अलावा पंचगण श्रीमती खेमूबाई कोर्राम, पुनेश्वरी मांडवी, रुक्मणी ,सावित्री तुमरेकी, सरिता मांडवी, टिकेश्वरी नेताम, सदस्य दूज बाई, शिवरानी श्याम ध्रुव ,सरोज नेताम, उर्वशी, नंद बाई, ललिता तुमरेकी, बिंदा कुंजाम, चंद्रभागा, उत्तरा मांडवी, तामेश्वरी, टोमिन ध्रुव, अध्यक्ष केवल सिंह नेताम, उपाध्यक्ष छगन पदाम, कोषाध्यक्ष हेमनारायण कतलम, सचिव ताराचंद, हरिश्चंद्र कोर्राम ग्रामीण अध्यक्ष सौराबांधा, पूनम उइके सिलौटी ग्रामीण अध्यक्ष, गैंदलाल ग्रामीण अध्यक्ष सेमरा, रामजी ग्रामीण अध्यक्ष जुगदेही, संतोष मांडवी खपरी मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 23 जून 2024 को दोपहर करीब 2:30 बजे मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी से करीब 15.3 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 1 व्यक्ति एक प्लास्टिक के बोरी में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने के लिए भट्ठी से शराब खरीदकर संजय गार्डन के पीछे तरफ ग्राम खैरा ले जाकर उसकी बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शौकीलाल बगरती पिता वासु बगरती (52 साल) निवासी वार्ड न 24 सुभाष नगर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 85 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 7650 रुपए तथा बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार कर अपराध कायम किया गया है।

### होटल से 3 लीटर महुआ शराब किया गया जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 23 जून को मुखबिर की सूचना पर शाम करीब 4:10 बजे नगर के जगदीशपुर रोड़ स्थित अपना होटल से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र सागर पिता शौकीलाल सागर (38 साल) निवासी पिरदा से अवैध शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में पूछताछ किया जो अपने होटल से निकाल कर एक हरे रंग की दो लीटर वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई करीब 2 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब एवं एक सफेद रंग की दो लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में भरी हुई करीब 1 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब, जुमला 3 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब , कीमत 600 रुपए को पेश किया, जिस पर पुलिस ने उक्त देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब को मौके पर जब्त कर आरोपी पर अपराध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत 23 जून को दोपहर करीब 12 बजे भंवपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम झारमुड़ा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत होने पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के 23 जून 2024 को सुबह करीबन 10 बजे नीलमणी बुढेक पिता स्व. जयदेव बुढेक 35 साल ग्राम झारउडेला मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीजे 9818 से अपना ससुराल ग्राम बरनाईदादर जा रहा था, तभी दोपहर करीबन 12 बजे ग्राम झारमुड़ा से करीबन 500 मी की दूरी पर उसे किसी अज्ञात वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे सिर, माथे व नाक में गंभीर चोट लगने से खून निकल रहा था। अधिक मात्रा में खून बहने से घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 304 ए पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के साहस, शौर्य एवं समर्पण की प्रतीक वीरांगना महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, द्रोपती यादव, भूषण चंद्राकर ने कहा कि भारत देश के मातृभूमि एवं धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाली महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून को मनाया जाता है।

### शिविर में 18 मानसिक रोगियों का हुआ उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर सीएचसी बागबहरा में आयोजित किया गया। जिसमें 18 मानसिक रोगियों का इलाज किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श भी दिया गया।

वंदेमातरम परिवार ने रक्तदान व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया

# विधायक चंद्राकर के जन्मदिन पर हुए कई कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के 62 वें जन्मदिन पर वंदेमातरम परिवार एवं शिक्षा विभाग द्वारा पौधारोपण एवं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बीईओ कार्यालय में 62 पौधों का रोपण हुआ। तत्पश्चात विश्रामगृह में 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम में विधायक अजय चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में हिमांशु साहू, राजू बघेल, नरेश कश्यप, तिलक साहू, देवनारायण ध्रुव, ओमप्रकाश रात्रे, मिथिलेश सिन्हा, टकेश्वर साहू, जालम सिंह, लोकेश मरकाम, सुरेश नेताम, गौरीशंकर, मो. फैज, हुकुमचंद, यशनन्द, चमेली, लक्ष्मी, रूपन साहू शामिल हैं। इस तरह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वालों रक्तवीरों का समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने आभार जताया है।

इस दौरान पूर्व विधायक रंजना साहू, मालक राम साहू, जागृति साहू, मोहन अग्रवाल, चोवाराम गंजीर, प्रमोद शर्मा, तहसीलदार दुर्गा साहू, सीईओ जनपद कुरुद, बीईओ कुरुद के अलावा धमतरी, नगरी विधानसभा के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने केक काटा, जूस और बिस्किट बांटा

इस दिन विधानसभा के सोशल मीडिया, भाजयुमो और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपने लाडले विधायक के जन्मदिन को और खास बनाते हुए कुरूद के सरकारी अस्पताल में मरीजों, मरीज के परिजनों और अस्पताल स्टाफ को जूस, बिस्किट वितरण कर और अपने विधायक की दीर्घायु की कामना करते हुए सभी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद भाजपा कार्यालय कुरुद में केट काटकर कर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर टिकेश साहू, जागृति साहू, सत्यप्रकाश सिन्हा, अनुराग चंद्राकर, पूजा साहू, नेमिन सिन्हा, अनुराधा साहू, ममता साहू, संध्या पवार, प्रभात बैस, महेश केला, थानेश्वर तारक, लोकेश साहू, अनूप यादव, कमलेश चंद्राकर, धर्मेंद्र साहू, राजेश साहू, सोमप्रकाश सिन्हा, किशोर कुर्रे, हिमांशु साहू, निशा वैष्णव, राहुल बांधेकर, रोशन साहू, पारस निर्मलकर, केशव चंद्राकर, वंश खत्री, देवेंद्र साहू, गुलशन साहू, रवि चंद्राकर, सुमित कुर्रे, शैलेश नागरची उपस्थित थे।

## आम से लेकर खास ने दी विधायक चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई

### सोशल मीडिया पर दिनभर छाया रहा कुरुद का डाला दाऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिवस पर उनके निवास पर सुबह से ही उनके शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। लोगों ने उनसे प्रत्यक्ष भेंटकर तो दूरदराज वालों ने सोशल मीडिया के जरिये जन्मदिवस की बधाई दी।

इस दिन विधायक श्री चंद्राकर सुबह सर्वप्रथम अपने रायपुर स्थित निवास के समीप ही श्रीराम मंदिर पहुंचकर अपनी धर्मपत्नी प्रतिभा चंद्राकर संग आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात रायपुर में कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से मेल-मिलाप के बाद कुरुद आये जहां वे भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न संघ-संगठनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जन्मदिन की बधाई स्वीकार की। इस अवसर पर दिनभर सोशल मीडिया पर जनसेवक, प्रेरणास्त्रोत, कुशल नेतृत्वकर्ता, दबंग छत्तीसगढ़िया जैसे शब्दों के साथ कुरुद का डाला दाऊ छाया रहा।

विधायक चंद्राकर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रूपकुमारी चौधरी जैसे दिग्गजों ने सोशल मीडिया के जरिये बधाई दी, तो वहीं कुरुद क्षेत्र से भानु चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, मालकराम, निरंजन सिन्हा, टिकेश साहू, जागृति साहू, रामस्वरूप साहू, झागेश्वर ध्रुव, चोवाराम साहू, हरीश केला, अनुराग चंद्राकर, ताजेंद्र चन्द्राकर, अखिलेश वैष्णव, मनीष शर्मा, हरिशंकर सोनवानी, सत्यप्रकाश सिन्हा, सविता चोवाराम गंजीर, मालती गजेंद्र साहू, तारा रामचन्द्र राव, खिलेश्वरी कामता निषाद, योगेंद्र सिन्हा, आनंद यदु, गौतम जैन, अनुराग चंद्राकर, ताजेंद्र चंद्राकर, तिलोक जैन, भोजराम साहू, आनंद गांधी, थानेश्वर तारक, मीनाक्षी लीलाराम साहू, मनीषा यशवंत गंजीर, प्रवीण केला, अखिलेश वैष्णव, विक्रम बंजारे, मनीष शर्मा, हरिशंकर सोनवानी आदि कार्यकर्ताओं ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बधाई दी है। बधाई देने वालों में वे स्कूली छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे जो इन्हें अपना प्रेणास्त्रोत मानते हैं।



## भाजपाइयों ने अजय के दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा ने कुरूद पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर भानु चंद्राकर, आशु चंद्राकर समेत अन्य उपस्थित थे।

## अजय के जन्मदिन पर सर्व वर्ग हिताय ग्रुप ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सर्व वर्ग हिताय ग्रुप नगरी के अध्यक्ष सुरेश नेताम, सचिव जालम पटेल महिला विंग प्रभारी श्रीमती चमेली साहू, मीडिया प्रभारी लोकेश मरकाम ने विश्रामगृह कुरूद में वंदेमातरम ग्रुप द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्म दिवस पर आयोजित खण्ड स्तरीय रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के संगठन एवं संयोजक प्रमुख गोपी कश्यप, महिला विंग प्रमुख विजिया लक्ष्मी कश्यप सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा के नेतृत्व में अजय चंद्राकर से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। इस दौरान श्री चंद्राकर को भाजपा जिला अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सर्व वर्ग हिताय ग्रुप द्वारा किये गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा नेता भानु चंद्राकर, आशु चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में वंदेमातरम ग्रुप के पदाधिकारी, सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने बगौद में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



- साहू समाज संत कबीर की वाणी को आत्मसात करने वाला समाज : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संत कबीरदास के संदेशों को आत्मसात करने वालों में अगर कोई समाज है तो वह है साहू समाज। हमें कबीर के संदेश को आत्मसात कर अपने परिवार, समाज व गांव को आगे बढ़ाने की दिशा में सदैव आगे रहना चाहिये। उक्त बातें पूर्व केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर ने कही। सोमवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर विधायक चंद्राकर ने ग्राम पंचायत बगौद में परिक्षेत्र साहू सामुदायिक भवन, पुस्तकालय कक्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन शेड (मणिकंचन) का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जनमानस को संदेश देते हुए कहा कि हमें बिना कोई भेदभाव व प्रतिस्पर्धा के समाज में आगे बढ़ना है तो संत कबीर के वाणी को आत्मसात करना होगा। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने के लिए कहा। कार्यक्रम के पश्चात स्थानीय भाजपाइयों ने विधायक चंद्राकर को केक कटवाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी लीलाराम साहू सरपंच बगौद, तिलोकचंद जैन भाजपा महामंत्री धमतरी, कुलेश्वर चन्द्राकर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुरूद, बिसहत राम साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, हीराराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, मोहनलाल साहू सचिव ग्राम विकास समिति, पीलाराम ध्रुव ग्राम पटेल, घनश्याम चन्द्राकर पूर्व सरपंच बगौद, होमेश साहू, झुरांगुराम साहू, भोजराम साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, शेषनारायण साहू, हीरामणि साहू, संतोष पाठक हुकूम पटेल आदि उपस्थित थे।

## रानी दुर्गावती नारी शक्ति की प्रतीक थी : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- गोकुलपुर स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



विधायक ओंकार साहू सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित रानी दुर्गावती के शहादत कार्यक्रम में रानी दुर्गावती चौक गोकुलपुर धमतरी पहुंचे। रानी दुर्गावती की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया।

सर्व आदिवासी समाजजनों से मुलाकात की। विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी दुर्गावती देश की वह वीरांगना थी जो अपने राज्य की रक्षा के लिए मुगलों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त हो गई।

वह बहादुर और साहसी महिला थीं, जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद न केवल उनका राज्य संभाला बल्कि राज्य की रक्षा के लिए कई लड़ाई भी लड़ी। रानी दुर्गावती अपने पति की मृत्यु के बाद गोंडवाना राज्य की उत्तराधिकारी बनीं और लगभग 15 साल तक गोंडवाना में शासन किया।

रानी दुर्गावती मुगल शासक के आगे कभी भी घुटने नहीं टेके थे। मौके पर महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक रंजना साहू, जीवराखन मराई सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष, सर्व महिला समाज जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, पार्षद राजेश पांडे, पार्षद कमलेश सोनकर समेत अन्य मौजूद थे।

## बाल श्रम के सभी मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज करे



- कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई टॉस्क फोर्स की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बालक एवं कुमार (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत टॉस्क फोर्स की बैठक रखी गई।

बैठक में बताया गया कि बाल श्रम से संबंधित वैधानिक प्रावधानों के कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए बाल श्रम के सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। बच्चों द्वारा ट्रैफिक लाइटों पर सामान बेचने या भीख मांगने की घटनाओं की रिपोर्ट करने की जिम्मेदारी, प्रवर्तन एजेंसियों और गैर सरकारी संगठनों सहित अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बाल श्रम रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने की भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रशिक्षण, सम्मेलन, कार्यशाला, जागरूकता आदि कार्यक्रमों के माध्यम से बाल श्रम के अपराध के बारे में संबंधित विभागों और अन्य हितधारकों को संवेदनशील बनाने, बाल श्रम उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ऐसी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा की गई।

### तहसील साहू संघ मगरलोड का वार्षिक अधिवेशन पहंदा में हुआ

# प्रतिभावान बच्चों एवं रक्तवीरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





समाज के विकास के लिए नियमों का पालन जरूरी : भुनेश्वर

तहसील साहू समाज मगरलोड का वार्षिक सम्मेलन ग्राम पहंदा में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ संत माता कर्मा की आरती से हुआ। तहसील अध्यक्ष तोषण साहू एवं उपाध्यक्ष सुशीला साहू ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम के अतिथि भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ ने कहा कि समाज का जो नियम है, उसके आधार पर चले तो समाज का विकास जरूर होगा। जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए नियमों का पालन आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लाला साहू अध्यक्ष मंदिर समिति राजिम ने कहा कि दान देने से धन और बढ़ता है। जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू ने कहा कि समाज में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हों। तहसील साहू समाज द्वारा प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में 50 रक्तवीरों ने रक्तदान कर किया। मानस ब्लड संस्था के संचालक नितेश साहू ने रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। तहसील साहू संघ मगरलोड ने रक्तवीरों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से हेलमेट प्रदान किया।

कार्यक्रम में तोरण साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, गोपाल साहू तहसील अध्यक्ष धमतरी, राधेश्याम साहू तहसील अध्यक्ष कुरूद, दुर्गेश नंदिनी साहू जनपद सदस्य बोरसी, संतोष साहू जनपद सदस्य करेली बड़ी, तोषणलाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज मगरलोड, यशवंत साहू एवं डॉ. सुशीला साहू उपाध्यक्ष तहसील मगरलोड, संरक्षक भुवनलाल साहू, डीहू साहू, गोविंद साहू, चंद्रहास साहू, राजेश साहू, रामाधार साहू, कांति साहू परिक्षेत्र बड़ी करेली अध्यक्ष कार्तिकराम साहू, काशीराम साहू, तनुजा साहू, खिलेश्वर सोनबर, जीवनलाल साहू, कुंजलाल साहू, उत्तम साहू, चंद्रशेखर साहू, रामप्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू समेत तहसील साहू समाज मगरलोड के अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र साहू सचिव तहसील साहू संघ मगरलोड ने किया।

